भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय

# भारतीय नौसेना

## सिविलियन कार्मिकों की भर्ती

## विज्ञापन संख्या जीआर-सी/एबीएस/1/2022

1. **फायर इंजन ड्राइवर और फायरमैन** के पद के लिए अनुलग्नक-1 में दिए गए निर्धारित प्रारूप में उचित माध्यम से आवेदन आमंत्रित हैं. यह पद सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अलिपिकीय, गैर-औद्योगिक के रूप में वर्गीकृत है और इसे रक्षा सेवाओं की निचली इकाइयों में समान, समकक्ष या उच्चतर पदों पर सेवारत व्यक्तियों से आमेलन के आधार पर भरा जाना है. पात्र रक्षा कर्मचारियों को नीचे पैरा 4 और 5 में उल्लिखित निर्देशों के अनुसार उचित माध्यम से आवेदन करना है (डाक के अन्य रूपों में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा). **विवरण निम्नानुसार हैं :-**

| कमान | तैनाती का स्थान/यूनिट | रिक्तियों की संख्या * |
|---|---|---|
| **फायर इंजन ड्राइवर –** समूह 'ग', गैर-औद्योगिक, लेवल-3, (रुपये 21700-69100) | | |
| पूर्वी नौसेना कमान | चिल्का, सुनाबेडा, विशाखापट्टनम, चेन्नै, तिरुनेलवेली | 17 |
| पश्चिमी नौसेना कमान | मुम्बई, लोनावला, करवाड़ और गोवा | 8 |
| अंडमान और निकोबार कमान | अंडमान और निकोबार | 11 |
| **फायरमैन** समूह 'ग', गैर-औद्योगिक, लेवल-2, (रुपये 19900-63200) | | |
| पूर्वी नौसेना कमान | चिल्का, सुनाबेडा, विशाखापट्टनम, चेन्नै, तिरुनेलवेली | 113 |
| दक्षिणी नौसेना कमान | कोच्चि, एझिमाला और कोयम्बटूर | 22 |
| अंडमान और निकोबार कमान | अंडमान और निकोबार | 49 |

* रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है.

2. चुने हुए उम्मीदवारों को संबंधित कमान के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत इकाइयों में काम करना होगा. परन्तु, प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार, उन्हें भारत में कहीं भी नौसेना इकाइयों/डिविजनों में तैनात किया जा सकता है. उपरोक्त पदों के लिए वे कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं, जो नई इकाइयों में शून्य वरिष्ठता के साथ आमेलन के इच्छुक हों. पात्रता मानदंड इस प्रकार है :-

(क) **आयु सीमा:** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

(ख) **अनिवार्य योग्यता:**

| क्र. सं. | पद (पैरा 1 देखें) | योग्यताएं |
|---|---|---|
| (क) | फायर इंजन ड्राइवर | (I) अनिवार्य:<br>(1) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो.<br>(2) भारी वाहन चलाने का कम से कम तीन साल का अनुभव हो और वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए.<br>(3) उम्मीदवार शारीरिक रूप से स्वस्थ और कठिन ड्यूटी करने में सक्षम होना चाहिए और वह नीचे निर्दिष्ट मानदंड अवश्य पूरे करता हो :-<br>(क) बिना जूते के कद 165 सेमी. परन्तु, अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को कद में 2.5 सेमी की रियायत दी जाएगी.<br>(ख) सीना (बिना फुलाए) : 81.5 सेमी<br>(ग) सीना (फुलाने पर) : 85 सेमी.<br>(घ) वजन (न्यूनतम) : 50 किलो<br>(ङ) क्षमता परीक्षण:<br>(i) एक व्यक्ति को ले जाना : (फायरमैन लिफ्ट यानी 63.5 किलोग्राम भार के एक व्यक्ति को 96 सेकंड के भीतर 183 मीटर की दूरी तक ले जाने की क्षमता हो);<br>(ii) दोनों पैरों (लंबी कूद) पर खड़े होकर छलांग लगाते हुए 2.7 मीटर चौड़ी खाई को पार करना (लम्बी कूद).<br>(iii) हाथों और पैरों का उपयोग करके 03 मीटर रस्सी पर खड़ी चढ़ाई करना.<br>(II) वांछनीय:<br>(1) विभिन्न प्रकार के अग्नि उपकरणों के रखरखाव और संचालन से परिचित होना चाहिए.<br>(2) फायरमैन ग्रेड-I या सीनियर फायरमैन के रूप में किसी नियमित सिविल/डिफेंस फायर ब्रिगेड में काम करने का अनुभव रहा हो.<br>(3) डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ फायर रिसर्च, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली से जनरल फायर फाइटिंग कोर्स या नेशनल फायर सर्विस कॉलेज, नागपुर से सब-ऑफिसर्स कोर्स या कोई अन्य समान मान्यताप्राप्त पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो. |
| (ख) | फायरमैन | (I) अनिवार्य:<br>(1) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो.<br>(2) उम्मीदवार शारीरिक रूप से स्वस्थ और कठिन ड्यूटी करने में सक्षम होना चाहिए और वह नीचे निर्दिष्ट मानदंड अवश्य पूरे करता हो :<br>(क) बिना जूते के कद 165 सेमी. परन्तु, अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को कद में 2.5 सेमी की रियायत दी जाएगी.<br>(ख) सीना (बिना फुलाए) : 81.5 सेमी<br>(ग) सीना (फुलाने पर) : 85 सेमी.<br>(घ) वजन (न्यूनतम) : 50 किलो<br>(ङ) क्षमता परीक्षण :<br>(i) एक व्यक्ति को ले जाना : (फायरमैन लिफ्ट यानी 63.5 किलोग्राम भार के एक व्यक्ति को 96 सेकंड के भीतर 183 मीटर की दूरी तक ले जाने की क्षमता हो);<br>(ii) दोनों पैरों (लंबी कूद) पर खड़े होकर छलांग लगाते हुए 2.7 मीटर चौड़ी खाई को पार करना (लम्बी कूद).<br>(iii) हाथों और पैरों का उपयोग करके 03 मीटर रस्सी पर खड़ी चढ़ाई करना. |

3. **दायित्वों/कार्यों का स्वरूप**

| क्र. सं. | पद | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|
| (क) | फायर इंजन ड्राइवर (पूर्ववर्ती ग्रेड 1 और 2) | दमकल को आपातकालीन दृश्यों/स्थानों पर ले जाना. अग्नि-शमन उपकरण कुशलतापूर्वक उपयुक्त स्थिति में लगाना, होज़ लाइन को जोड़ना और पानी के दबाव की आपूर्ति के लिए पंप पैनल संचालित करना. अतिरिक्त जल आपूर्ति लाइनों की आवश्यकता निर्धारित करने पर विचार करना. उसे अन्य इंजन/स्रोत से लाइन प्राप्त करने, इस्तेमाल के लिए पानी की मात्रा की गणना करने और पानी की उपलब्धता पर निगरानी रखनी होगी. नोजल और मास्टर स्ट्रीम टिप्स को बदलना होगा. हाइड्रेंट्स पर सिलसिलेवार हुकअप प्रक्रियाओं को अंजाम देना. गौण जल आपूर्ति प्राप्त करना, फोम पंप करना, एयर बोटल्स बदलने में सहायता करना, एयर बोटल्स और मास्क साफ करना, भरना और बदलना. प्रयुक्त उपकरणों के सेट और आपातकालीन उपकरणों की नियमित मरम्मत और रखरखाव करना. दमकल चलाना और वाहनों के ट्रेलर संचालित करना. बचाव कार्यों में भाग लेने के लिए कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करना.<br>आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना और आवश्यकतानुसार अन्य संबंधित कर्तव्यों का पालन करना. |
| (ख) | फायरमैन (पूर्ववर्ती ग्रेड 1 और 2) | किसी भी फायरमैन को जीवन बचाने से लेकर अग्निशमन उपकरणों को साफ रखने तक के कर्तव्यों का वहन करना होता है. फायरमैन को एक क्षण की सूचना पर, अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए तैयार होना चाहिए, जिनमें लोगों या जानवरों को जलने या ढहने वाली इमारतों से बचाना, आग से लड़ना और आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करना शामिल है. |

**नोट :** उपरोक्त कर्तव्य केवल उदाहरण हैं और संपूर्ण नहीं हैं. भारतीय नौसेना का अनुभाग/विभाग इस स्तर पर कर्मियों द्वारा आमतौर पर किए जाने वाले कर्तव्यों की सूची में अन्य कार्य जोड़ सकता है.

4. **चयन की पद्धति**

(क) **शारीरिक उपयुक्तता परीक्षण:** फायर इंजन ड्राइवर और फायरमैन के पद के लिए सभी पात्र उम्मीदवारों को निर्दिष्ट मानकों के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा से गुजरना होगा. योग्य आवेदकों को ई-मेल/डाक द्वारा सही तिथि, समय और स्थान के बारे में सूचित किया जाएगा.

(ख) **अनंतिम नियुक्ति पत्र:** अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति पूरी तरह से उनके प्राप्तांकों/मूल्यांकन के आधार पर योग्यता क्रम के अनुसार की जाएगी, जो भारत सरकार और नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट दस्तावेज़ सत्यापन, चिकित्सा परीक्षा और अन्य शर्तें पूरी करने के अधीन होगी.

(ग) **दस्तावेज़ सत्यापन:** आयु, शिक्षा, पहचान, पता, श्रेणी, जाति, सेवा आदि से संबंधित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की जांच और सत्यापन मौजूदा डीओपी एंड टी नीति के अनुसार अनंतिम नियुक्ति से पहले किया जाएगा. अस्थायी रूप से चयनित उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए तिथि और स्थान की सूचना उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी/डाक द्वारा दी जाएगी.

5. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख:** आवेदकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए अंतिम तारीख की गणना इस विज्ञापन के रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तारीख को छोड़कर, **उससे 60 दिन बाद पड़ने वाली तारीख से की जाएगी** (उदाहरण के लिए, रोजगार समाचार दिनांक 18-24 अप्रैल XXXX में प्रकाशित रिक्ति के लिए, अंतिम तारीख विज्ञापन के प्रकाशन की पहली तारीख को छोड़कर, 19 अप्रैल XXXX से 60 दिन बाद पड़ने वाली तारीख होगी).

6. **आवेदन कैसे करें-** आवेदन सादे कागज (ए-4 आकार के अच्छी गुणवत्ता वाले कागज) पर किया जाना चाहिए, जो निर्धारित प्रारूप में साफ-साफ हाथ से लिखा या टंकित किया गया हो. आवेदन पर पासपोर्ट आकार का नवीनतम, स्व-सत्यापित, रंगीन फोटोग्राफ चिपकाया जाना चाहिए. आवेदन के लिफाफे के बाहर **"............ <पद का नाम> के पद के लिए स्थानांतरण (आमेलन) के आधार पर आवेदन"** स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अलग-अलग लिफाफे में अलग-अलग आवेदन भेजना होगा, अन्यथा ऐसे आवेदन खारिज कर दिए जाएंगे :-

**फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, (कृते एसओसीआरसी")**
**मुख्यालय पूर्वी नौसेना कमान, यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स (द्वितीय तल)**
**नौसेना केन्द्र, विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश-530014.**

7. **आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भेजे जाने चाहिए (अनुलग्नक-II) :-**

क. पिछले तीन वर्षों के गोपनीय रिपोर्ट दस्तावेज की प्रतियां, जो कम से कम अवर सचिव या समकक्ष रैंक के अधिकारी द्वारा सत्यापित (प्रत्येक पृष्ठ) की गई हों.

ख. सतर्कता उपयुक्तता प्रमाणपत्र

ग. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र

घ. पिछले दस वर्षों के दौरान अधिकारी को दी गई बड़ी/छोटी सजा का विवरण, यदि कोई हो.

ङ. संवर्ग उपयुक्तता प्रमाणपत्र.

च. शैक्षिक/तकनीकी/अन्य योग्यता के समर्थन में प्रमाण पत्र/अंक तालिका की स्व-सत्यापित प्रतियां. मांगे जाने पर मूल प्रमाण पत्र/अंक तालिका प्रस्तुत करनी होगी.

छ. पासपोर्ट आकार का एक फोटोग्राफ, जिसका पिछला हिस्सा विधिवत रूप से सत्यापित (वर्तमान नियोक्ता द्वारा) किया गया हो, आवेदन के साथ नत्थी किया जाना चाहिए.

8. **सामान्य अनुदेश :**

(क) पद के लिए अर्हक सेवा/अनुभव निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी, न कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लाहौल और स्पीति जिला और हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी उप-मंडल और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में उम्मीदवारों के लिए निर्धारित अंतिम तिथि.

(ख) ऊपर बताई गई रिक्तियां अनंतिम हैं और बिना कोई कारण बताए इन्हें बढ़ाया/घटाया जा सकता है या शून्य भी किया जा सकता है.

(शेष पृष्ठ 33 पर)

(पृष्ठ 32 का शेष)

(ग) अपेक्षित पात्रता मानदंड के बारे में उम्मीदवारों के दावे के समर्थन में शैक्षिक योग्यता, अनुभव और अन्य प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए. उम्मीदवारों को साक्षात्कार/चयन के समय सत्यापन के लिए मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे.

(घ) अधूरे आवेदन, अपर्याप्त विवरण वाले और/या अपेक्षित प्रमाण पत्र/दस्तावेज से रहित आवेदन और/या निर्धारित प्रारूप से भिन्न प्रारूप में किए गए आवेदन, सरसरी तौर पर खारिज कर दिए जाएंगे. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

(ङ) आवश्यक होने पर भारतीय नौसेना को उम्मीदवारों की संक्षिप्त सूची तैयार करने का अधिकार सुरक्षित है. आवेदन जमा करने मात्र से किसी उम्मीदवार को पद के लिए संक्षिप्त सूची में शामिल किए जाने/चुने जाने की गारंटी नहीं है. इस मामले में किसी तरह के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

(च) सक्षम प्राधिकारी को उम्मीदवारों की संक्षिप्त सूची तैयार करने के लिए मानदंड तय करने का अधिकार सुरक्षित है. सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए इस रोज़गार अधिसूचना में किसी भी स्तर पर किसी भी भर्ती प्रक्रिया को आंशिक या पूरी तरह से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

(छ) आमेलन के आधार पर पद के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय दस्तावेज द्वारा समर्थित कैरिकुलम (सीवी) का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा किया जाएगा.

(ज) किसी भी उम्मीदवार को एक बार चुने जाने के बाद उम्मीदवारी वापस लेने या कार्यभार ग्रहण करने से इंकार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और नियुक्ति पत्र जारी होने के एक महीने के भीतर चयनित उम्मीदवार को कार्यमुक्त करने की जिम्मेदारी प्रायोजक प्राधिकारी की होगी.

(झ) असत्य/गलत/अपूर्ण और/या संदिग्ध/फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

(ञ) किसी भी रूप में सिफारिश और/या राजनीतिक या अन्य किसी तरह का दबाव डलवाने की कोशिश पद के लिए अयोग्यता समझी जाएगी.

(ट) चयन प्रक्रिया के बाद केवल अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को उनके चयन के बारे में सूचित किया जाएगा और किसी अन्य पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

(ठ) चयनित उम्मीदवारों को सामान्य रूप से संबंधित कमान के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत इकाइयों में काम करना होगा, परन्तु, उन्हें प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार नौसेना इकाइयों / अनुभागों में भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को आवेदन करना चाहिए, जो भारत में कहीं भी सेवा करने के इच्छुक हों.

(ड) उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त पद के लिए आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं.

(ढ) विज्ञापन में दिए गए नियम और शर्तें परिवर्तन के अधीन हैं और इसलिए उन्हें केवल दिशानिर्देश के रूप में माना जाना चाहिए.

(ण) उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संशोधित/अद्यतन जानकारी, यदि कोई हो, के लिए नियमित रूप से वेबसाइट **www.indiannavy.nic.in at Personnel>Civilian Page** देखें.

**किसी भी तरह के स्पष्टीकरण/सहायता के लिए उम्मीदवार हमें ई-मेल/कॉल कर सकते हैं:**

ई-मेल : **socrc-enc@navy.gov.in** **हेल्प डेस्क नम्बर** 0891-2812946

**आवेदन का प्रारूप**

**...............................(आवेदित पद का नाम)**

**.......................के पद के लिए स्थानांतरण (अब आमेलन)**

**के लिए आवेदन**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | | | नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाएं (पासपोर्ट आकार का) |
| 2. | जन्मतिथि (ईस्वी सन में) | | | |
| 3. | आधार कार्ड संख्या | | | |
| 4. | स्थाई पता | | 5. वर्तमान पता | |
| 4. | सेवा में भर्ती की तारीख | | | |
| 5. | शैक्षिक योग्यताएं (मैट्रिकुलेशन से प्रारंभ करते हुए) | | | |
| 6. | क्या आप पद के लिए निर्धारित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं (विज्ञापन के अनुसार) पूरी करते हैं | | | |
| | विज्ञापन/रिक्ति प्रपत्र में वर्णित योग्यताएं/ अनुभव पद के अनुसार लागू (पैरा 2(ख) देखें) | | उम्मीदवार द्वारा प्राप्त योग्यताएं/ अनुभव. | |
| 7. | अपने द्वारा भरी गयी प्रविष्टियों के संदर्भ में कृपया बताएं, क्या आप पद के लिए निर्धारित योग्यताएं और कार्यानुभव पूरी करते हैं. | | हां/नहीं | |
| 8. | कालक्रमानुसार पिछले रोज़गार का ब्योरा. नीचे स्थान पर्याप्त न हो तो अपने हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित अलग शीट संलग्न करें. | | | |

| कार्यालय/ संस्थान (डाक के पूरे पते सहित) | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | * पे मैट्रिक्स में पे लेवल/ नियमित आधार पर धारित पद का वेतनमान | किए गए कार्यों का स्वरूप (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

* **महत्वपूर्ण अनुदेश:** एसीपी/एमएसीपी के अंतर्गत दिया गया पे बैंड और ग्रेड वेतन उम्मीदवार के निजी होते हैं, अतः उनका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए. केवल नियमित आधार पर धारित पद के पे बैंड/ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिए. जिन उम्मीदवारों को ऐसे लाभ प्राप्त हुए हों, वे वर्तमान पे बैंड और ग्रेड वेतन सहित एसीपी/एमएसीपी का ब्योरा यहां पर दे सकते हैं:

| कार्यालय/संस्थान | एसीपी/एमएसीपी के अंतर्गत आहरित वेतन, पे बैंड और ग्रेड वेतन | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | वर्तमान रोज़गार का स्वरूप, यानी तदर्थ या अस्थाई या अर्द्धस्थाई या स्थाई. | |
| 10. | अगर वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर आधारित हो, तो कृपया निम्नांकित जानकारी दें:- | |

| (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | (ख) प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध की अवधि | (ग) मूल कार्यालय/ संगठन का नाम, जिससे आप संबद्ध हैं. | (घ) मूल संगठन में स्थायी आधार पर धारित पद का नाम और वेतनमान |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

नोट-1 : यदि अधिकारी पहले से प्रतिनियुक्ति पर है तो ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल संगठन/विभाग द्वारा अग्रसारित किए जाने चाहिए और उनके साथ संवर्ग उपयुक्तता प्रमाणपत्र, सतर्कता उपयुक्तता प्रमाणपत्र और निष्ठा प्रमाणपत्र संलग्न किया जाना चाहिए.

**नोट 2:** उपर्युक्त कॉलम 10 (ग) और (घ) में दी गई जानकारी ऐसे सभी मामलों में अवश्य दी जानी चाहिए जहां कोई अधिकारी संवर्ग बाह्य पद पर/किसी अन्य संगठन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हो और उसने मूल संगठन/विभाग में ग्रहणाधिकार रखा हो.

| | |
|---|---|
| 11. **वर्तमान रोज़गार के बारे में अतिरिक्त जानकारी:**<br>कृपया बतायें किसके अधीन कार्यरत हैं<br>(सम्बद्ध कॉलम के सामने नियोक्ता का नाम लिखें)<br>(क) केन्द्र सरकार :<br>(ख) राज्य सरकार :<br>(ग) अन्य (उल्लेख करें) : | |
| 12. कृपया बताएं क्या आप इसी विभाग में यानी भारतीय नौसेना में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड अथवा फीडर ग्रेड के फीडर संवर्ग में हैं: | |
| 13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां तो संशोधन लागू होने की तारीख लिखें और संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें | |

14. प्रतिमाह प्राप्त कुल परिलब्धियां

| पे मैट्रिक्स में मूल वेतन | पे मैट्रिक्स में पे लेवल | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

15. **अतिरिक्त जानकारी** यदि कोई हो, जो आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के संदर्भ में देना चाहते हों (इसके अंतर्गत अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यताओं का ब्योरा (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित अनुभव से अधिक अनुभव का ब्योरा दिया जा सकता है.)
**(नोट-यदि स्थान पर्याप्त न हो तो अलग शीट संलग्न करें)**

| | |
|---|---|
| 16. **उपलब्धियां :**<br>उम्मीदवारों से अनुरोध है कि निम्नांकित के बारे में जानकारी प्रदान करें:<br>(i) पुरस्कार/सरकार से प्राप्त प्रशंसापत्र<br>(ii) कोई ऐसा नवाचार जिसके लिए सरकार से प्रशंसापत्र मिला हो<br>(iii) कोई अन्य जानकारी<br>**(नोट-यदि स्थान पर्याप्त न हो तो अलग शीट संलग्न करें)** | |
| 17. क्या आप अजा/अजजा से संबद्ध हैं | |
| 18. तैनाती के लिए वरीयता अनुसार स्थानों को ब्यौरा. | 1. ..................<br>2. ..................<br>3. ..................<br>4. .................. |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं भली-भांति जानता हूं कि मेरे द्वारा दस्तावेजी प्रमाण के साथ प्रस्तुत किए गए योग्यता-अनुभव संबंधी विवरण की पड़ताल पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा की जायेगी. मेरे द्वारा दी गई जानकारी/ब्यौरा मेरे पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है और इसमें कोई ऐसा तथ्य छिपाया नहीं गया है, जिसका प्रभाव मेरे चयन पर पड़ने की संभावना हो.

दिनांक : ..................

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

स्थान : ..................

**पता** ..................................

**मोबाइल नम्बर**..................

**ई-मेल आईडी**..................

**नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाणपत्र**

1. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा भरा गया ब्योरा उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार सही है और वह विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव की शर्तें पूरी करता/करती है. चयन होने की स्थिति में उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जायेगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

(i) श्री/सुश्री.................................. के खिलाफ सतर्कता या अनुशासन का कोई मामला बकाया/विचारणीय नहीं है.

(ii) उनकी निष्ठा संदेह से परे है.

(iii) उनके पिछले 03 वर्ष के पूर्ण गोपनीय रिपोर्ट दस्तावेज/एसीआर की साक्ष्यांकित (प्रत्येक पृष्ठ) प्रतियां संलग्न हैं, जो भारत सरकार के अवर सचिव रैंक के अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित की गयी हैं.

(iv) अधिकारी को पिछले 10 वर्ष के दौरान कोई बड़ी/छोटी सजा नहीं दी गयी/पिछले 10 वर्ष के दौरान दी गयी/ बड़ी/छोटी सजा का ब्योरा संलग्न है (जो भी लागू हो).

**प्रतिहस्ताक्षरित**

**(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी मुहर सहित)**

**संपर्क नम्बर**..................

**ई-मेल आईडी**..................

डीएवीपी 10702/11/0035/2223 रो.स. 12/93